मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 10 | अंक - 45 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 31 जुलाई से 06 अगस्त 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये




# राज्य के होमगार्ड जवानों की मिलेगा 180 दिन काम

## विधान परिषद में गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दी जानकारी



**मुंबई :** उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य के होमगार्ड जवानों को एक साल में 180 दिन तक काम देने के लिए लिए सरकार योजना तैयार कर रही है।

इसके लिए सरकार ने 350 करोड़ रुपए की निधि मंजूर की है.इसमें से 297.50 करोड़ का वितरण और 243.31 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके है. शुक्रवार को विधान परिषद में आरएसपी विधायक महादेव जानकर ने होमगार्ड जवानों का मुद्दा उपस्थित किया था जिसमे उन्होंने जवानों को साल में 180 दिन नौकरी देने की मांग की. इस पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा की साल 2019 के पहले राज्य के होमगार्ड जवानों को 180 दिन काम दिया जाता था लेकिन सरकार बदलने के बाद साल 2021 में मौजूदा सरकार ने होमगार्ड जवानों के काम और उनके निधि में कटौती कर दी थी लेकिन अब साल 2023 और 24 बजट के लिए 350 करोड़ का बजट रखा गया है और 23 अप्रैल से 23 जुलाई तक 105 करोड़ की धनराशि वितरित की जा चुकी है। जिसमें से रु. 63.62 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं. सरकार ने होमगार्ड की मांगों पर बैठक आयोजित की हैं और उचित कार्रवाई कर सभी मांगों का समाधान किया है. इसके साथ -साथ बॉम्बे होमगार्ड अधिनियम, 1947 में संशोधन या परिवर्तन किया जाएगा।

# सड़क बनाने वाले ठेकेदार गड्ढे भरने में हुए फेल

## लगा साढ़े छह करोड़ का जुमार्ना...!

**मुंबई :** मनपा प्रशासन की मुंबई की सड़कों पर बने गढ्ढो से छीछालेदर हो रही है। अभी पिछले दिनों अधिवेशन में भी सड़को पर बने गढ्ढो को लेकर आरोप प्रत्यारोप हुए। मनपा प्रशासन ने जिन ठेकेदारों को सड़क बनाने का काम दिया है वही ठेकेदार सड़क पर बने गढ्ढो को भरने में फेल साबित हुए है जिससे मनपा ने इन ठेकेदारों पर साढ़े छह करोड़ का जुमार्ना लगाया है। उल्लेखनीय है कि मनपा ने मुंबई की लगभग 400 किमी सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का ठेका दिया है। सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण के लिए 5 कंपनियां है जिन्हे 6 हजार करोड़ का ठेका मनपा ने दिया था। ठेकेदारों ने मानसून के दौरान



गढ्ढे भी ठीक से नहीं भर पाए है जिसके चलते मनपा ने इन खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की है क्योंकि उन्होंने उन सड़कों के गढ्ढे भरने की जिम्मेदारी नहीं ली. इन पांचों ठेकेदारों पर कुल साढ़े छह करोड़ का जुमार्ना लगाया गया है . इससे पहले भी सड़क का काम शुरू नहीं करने पर इन्हीं ठेकेदारों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गयी थी. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई की सड़को को गढ्ढा मुक्त करने के लिए आने वाले दो वर्षों में सभी सड़कों को सीमेंट कंक्रीट करने का निर्देश दिया था । जिसके तहत 397 किमी लंबी सड़कों के लिए 6,078 करोड़ की निविदाएं आमंत्रित की गईं थी। सड़क निर्माण करने के लिए पांच नामांकित ठेकेदारों का चयन किया गया और जनवरी माह में ठेकेदारों को कायार्देश दिया गया। मनपा नियमानुसार ठेका देने के बाद इन सड़कों की पूरी जिम्मेदारी उन ठेकेदारों की है जिन्हे ठेका मिला है। इसलिए मानसून के दौरान सड़कों पर गढ्ढे भरने की जिम्मेदारी भी उन ठेकेदारों की है जो जनवरी में ठेका लिए। हालाँकि इन ठेकेदारों ने परियोजना की सड़कों पर गढ्ढे भरने से इनकार कर दिया।

# मुंबई में जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में फायरिंग, एक पुलिसकर्मी समेत चार लोगों के मौत, आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आज सुबह जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में फायरिंग से चार लोगों की मौत हो गई है। इस फायरिंग में एक पुलिसकर्मी की भी मौत हुई है। यह ट्रेन राजस्थान से मुंबई सेंट्रल आ रही थी। यह फायरिंग की घटना कैसे और क्यों हुई? इसकी तफ्तीश शुरू है। जानकारी के मुताबिक यह फायरिंग सुबह सात बजे के आसपास हुई है। फिलहाल यह



ट्रेन मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर आ चुकी है। फायरिंग की इस घटना में कुछ यात्री घायल भी बताए जा रहे हैं। इस घटना में एक पुलिसकर्मी को हिरासत में भी लिया गया है। हिरासत में लिया गया पुलिसकर्मी सहायक पुलिस निरीक्षक के पद पर तैनात है। इस मामले में चेतन नाम का आरोपी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह फायरिंग ट्रेन के बी-5 कोच में हुई है।

# "जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, अनशन लगातार चलता रहेगा"

**मिर्जापुर,** दिनांक 18/ 07/ 2023 को हुई संदीप शर्मा की हत्या के प्रकरण में दिनांक 31/07/2023 दिन सोमवार को कलेक्ट्रेट-मिजार्पुर में मृतक संदीप शर्मा के बुजुर्ग पिता राजकुमार शर्मा, मृतक की विधवा रेखा देवी, व छोटे 4 बच्चों में कृष्णा 6 वर्ष सोनाक्षी 5 वर्ष साक्षी 3 वर्ष मीनाक्षी 2 वर्ष, निवासीगण ग्राम-दलापट्टी, थाना-चील्ह, तहसील-सदर, जनपद-मिर्जापुर के आमरण-अनशन पर बैठने की सूचना पर नाई/सेन/सविता/नंदवंशी समाज के संवेदनशील, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता व स्वयंसेवी संगठनों के तमाम प्रतिनिधि पीड़ित-परिजनों को न्याय दिलाने, उनके आमरण अनशन को समर्थन देने मिर्जापुर कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं। मृतक के पिता ने बताया कि उनका 29 वर्षीय बेटा संदीप प्लम्बर का कार्य करता था। दिनांक 18 जुलाई 2023 को सुबह लगभग 9:30 बजे मदनपट्टी निवासी कमलेश यादव के घर अपनी बकाया मजदूरी मांगने गया था, जहां पैसे को लेकर सन्दीप व कमलेश से कहासुनी हुई तो तैश में आकर कमलेश यादव पुत्र गुलाब यादव, अजय यादव, विजय यादव, अन्य ने मिलकर मेरे बेटे को मार डाला। शाम को सूचना मिलने पर मेरा भाई बेटे संदीप की लाश कमलेश यादव के घर से एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल लेकर गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तब पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया अगले दिन दाह संस्कार करवा दिया। मैने थाना-चील्ह जाकर प्राथमिकी दर्ज किए जाने की तहरीर दी पर अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। उपस्थित लोगों ने शासन प्रशासन की खूब लानत-मलामत की।





अमेठी जनपद से आए महापदमनंद वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन (एम डब्ल्यू ओ) के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, ''पुलिस हत्यारों के साथ मजबूती से खड़ी होकर उन्हें बचा रही है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट दिखा रही है। अपराध पंजीकृत कर जांच करने में पुलिस की कोई रुचि नहीं है। एकदम स्पष्ट है कि पुलिस व पोस्टमार्टम करने वाली टीम, पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने वाली टीम को मैनेज किया गया है। हत्या जैसे प्रकरण में लीपा-पोती कर अपराधियों के मनोबल को बढ़ाना, उनको संरक्षण देना जनपद पुलिस व प्रशासन का धंधा हो गया है। यदि किसी अमीरजादे या राजनेता के बेटे के साथ कोई घटना घट जाए तो यही पुलिस प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेती है। नेताओं के सामने यही पुलिस दुम हिलाती है। गरीब का घर उजाड़ दिया जाए तो रिपोर्ट लिखने में भी सांप सूंघ जाता है। पुलिस का यह दोगला चरित्र समाज में विषमता की खाईं और गहरी कर रहा है।''

जौनपुर से चलकर के आए भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि डॉक्टर से लेकर पुलिस के अधिकारियों का पूरा तंत्र केवल पैसा मैनेजमेंट करने में लगा हुआ है इसी के लिए परिवार के साथ अन्याय हो रहा है, जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता यह अनशन लगातार चलता रहेगा अभी यह जनपद पर चल रहा है आगे से प्रदेश तक बढ़ाया जाएगा। प्रयागराज जनपद से चलकर की आय पहल परिवार के मुखिया डॉ सुरेश सैन इस घटना की घोर निंदा करते हुए पीड़ित परिवार को त्वरित न्याय मिले, एफ आई आर दर्ज कर लोगों की गिरफ्तारी हो, इस बात को मजबूत किया। इसलिए मैं महामहिम राज्यपाल महोदय से आग्रह कर रहा हूं कि पीड़ित परिजनों की पीड़ा को महसूस करें व इन पांच मांगों पर तत्काल अमल करवाए जाने का आदेश शासन को दें'-

1- हत्यारों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में तत्काल हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया जाए।

2- हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए।

3- मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआबजा दिया जाए।

4- मृतक की विधवा को गांव में पांच बीघे भूमि का कृषि पट्टा दिया जाए।

5- बच्चों के भरण-पोषण हेतु मृतक की विधवा को चतुर्थ श्रेणी की सरकारी नौकरी दी जाए। इस अनशन में भदोही जनपद से कैलाश शर्मा प्रतापगढ़ से सचिन शर्मा प्रयागराज से नीरज शर्मा संजय शर्मा डीके शर्मा, अमेठी से श्रीकांत शर्मा, रंजीत शर्मा, विनोद शर्मा, व मिजार्पुर से डॉक्टर सतीश शर्मा प्रदीप शर्मा वैभव शर्मा सुरेश शर्मा एडवोकेट घनश्याम शर्मा पन्नालाल शर्मा डॉ दिनेश शर्मा भदोही जनपद चंदौली से निरंजन शर्मा जनपद जौनपुर से विनोद शर्मा अशोक शर्मा रविंद्र शर्मा शैलेंद्र शर्मा प्रेम शर्मा अवधेश शर्मा आदि ने संबोधित किया। मौके पर लक्षनधारी शर्मा, मुकेश शर्मा, बच्चन शर्मा, सुरेश शर्मा, प्रकाश शर्मा, अजय शर्मा, मनोज शर्मा, अरविंद शर्मा, योगेंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा,मुंबई से अनंतलाल शर्मा, रंजीत शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कुणबी समाज विकास संघ मुलुंड द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन

**मुंबई** – कुणबी समाज विकास संघ मुलुंड द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन गौशाला रोड, म्युनिसिपल स्कूल हाल, मुलुंड प.पर किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबुलाल सिंह, डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष युवाब्रिगेड एसोसिएशन), शिव सेना नेता दिनेश जाधव, डॉ.एस.एन.सिंह, शिवसेना शाखाप्रमुख चंद्रकांत शेलार, शाखा प्रमुख अनवर शेख , शाखा प्रमुख संतोष पवार प्रमुख अतिथी के रुप में उपस्थित रहे।अतिथियों का स्वागत विनायक घाणेकर (अध्यक्ष), आशीष पाटील (युवा अध्यक्ष), तानाजी निकम ने किया। महात्मा गांधी ब्लड बैंक, नवी मुंबई एवम ब्लड लाईन ब्लड बैंक, ठाणे के सहयोग से 115 बाटल रक्त जमा किया गया।इस अवसर पर बोलते हुए डॉ.बाबुलाल सिंह एवम डॉ.सचिन सिंह ने कुणबी समाज विकास संघ केपदाधिकारियों, युवा एवम महिलाओ के संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर तीन महीने में नियमित रूप से रक्त दान शिविर का आयोजन करते है, और उत्साहपूर्ण वातावरण में भारी मात्रा में रक्त दान करते हैं ताकि किसी गरीब, असहाय, जरूरत मंद व्यक्ती की जान बचाई जा सके। रक्त दान- महादान, श्रेष्ठ दान इस संकल्पना को सचमुच कुणबी समाज पुर्ण करता है।



कार्यक्रम के आयोजन में अरविंद महादलेकर , विनायक मांडवकर, रविंद्र मांडवकर, प्राची तांबट, लता चापा, महिला अध्यक्षा करूना गावडे, महिला सचिव प्रमिलाताई घाणेकर, शैलेश मलेकर, विकास गावडे, कृष्णा खापटकर, रिटा पवार, सर्व महिला वर्ग, सर्व युवा वर्ग मीनाक्षी उजाळ, महादेव मोरे का विशेष योगदान प्राप्त हुआ।



# संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

## नई शिक्षा नीति

नई शिक्षा नीति के लागू होने के तीन वर्ष पूरे होने पर इसका आकलन किया जाना आवश्यक है कि शिक्षा व्यवस्था में अभी तक जो सुधार किए गए हैं, वे प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं या नहीं? यह भी देखा जाना चाहिए कि जो सुधार किए गए हैं, उनसे अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो रहे हैं या नहीं? इसी तरह इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है कि देश भर के शिक्षा संस्थान नई शिक्षा नीति के प्रविधानों को गंभीरता के साथ लागू कर रहे हैं या नहीं? यह समीक्षा इसलिए की जानी चाहिए, क्योंकि इससे ही नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को समय रहते हासिल करने में सफलता मिलेगी। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि नई शिक्षा नीति बनने में अच्छा-खासा समय लग गया।

सरकार का यह दावा सही हो सकता है कि नई शिक्षा नीति से जुड़ी 80 प्रतिशत अनुशंसाओं पर आगे बढ़ा गया है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इन अनुशंसाओं पर सही तरह अमल भी हो पा रहा है? इससे इन्कार नहीं कि कुछ बड़े और नामी शिक्षा संस्थानों ने नई शिक्षा नीति के प्रविधानों को लागू करने में तत्परता दिखाई है, लेकिन अनेक शिक्षा संस्थान अभी भी इस मामले में सुस्त और पीछे नजर आ रहे हैं। कुछ राज्य सरकारें भी नई शिक्षा नीति पर अमल के मामले में उतनी सजग नहीं, जितना उन्हें होना चाहिए। यह ठीक नहीं कि कुछ शिक्षा संस्थान और यहां तक कि विश्वविद्यालय भी अभी पुराने ढर्रे पर ही चलते दिख रहे हैं। वे ऐसी डिग्रियां बांटने में लगे हुए हैं, जिनकी उपयोगिता प्रश्नों के घेरे में है।

चूंकि तकनीक के इस दौर में दुनिया तेजी से बदल रही है इसलिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया को भी तेज किया जाना चाहिए। नई शिक्षा नीति का एक बड़ा उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व को संवारना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाना है। छात्रों को उस कौशल से लैस किया जाना चाहिए, जिनके बिना आज के इस तकनीकी युग में काम चलने वाला नहीं है। वास्तव में कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। आवश्यकता केवल इसकी ही नहीं है कि पठन-पाठन की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाए, बल्कि इसकी भी है कि शिक्षकों को इस तरह प्रशिक्षित किया जाए, जिससे वे उन अपेक्षाओं पर खरे उतर सकें, जो नई शिक्षा नीति के माध्यम से की गई हैं।

छात्रों की मानसिकता के साथ शिक्षकों के चिंतन में भी बदलाव आना समय की मांग है। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा व्यवस्था तमाम समस्याओं से दो-चार है। आखिर देश भर के स्कूल और विश्वविद्यालय थोड़े-बहुत बदलाव के साथ एकसमान पाठ्यक्रम अपनाएं, इसके लिए ठोस उपाय क्यों नहीं किए जा रहे हैं? निःसंदेह पाठ्यक्रम में बदलाव को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि कायदे से तो अब तक यह काम हो जाना चाहिए था।

# ग्राम चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**वाराणसी ,** सीखड़ आज शुक्रवार को सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार को विकास खण्ड के 2 ग्राम पंचायतों मे जन चौपाल का आयोजन कर जन समस्या सुनने के क्रम मे विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मवैया ,ग्राम पंचायत सीखड़ में खण्ड विकास अधिकारी रामपाल की अध्यक्षता मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया




गया चौपाल मे आये विभागीय अधिकारियों , कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभाग से संचालित योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा उनसे योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के मण्डल उपाध्यक्ष शिव प्रसाद दुबे एवं मण्डल महामंत्री आनंद शर्मा ने सरकार द्वारा संचालित हो रहे सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया तथा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा चौपाल मे आये ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों को पढ़ कर सुनाया गया तथा दोनों ग्राम पंचायतों में आए 5 शिकायत पत्रो को सुनकर मौके पर निस्तारण किया गया ।ग्राम चौपाल कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान दिनेश कुमार चौबे , प्रधान प्रतिनिधि चंन्द्रबली यादव,जेई उमाशंकर पटेल , टीए प्रदिप कुमार,प्रभारी सीडीपीओ धनदेई देवी ,ग्राम सचिव के के सिंह, मुकेश पाण्डेय, क्षेत्रीय लेखपाल सीएचओ सवेन्द्र सिंह, एनम आशा बहू आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता मौर्या शैलकुमारी सिंह, ममता सिंह, सरोज कुमारी,बीना सिंह, अनिता सिंह,सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या मे ग्राम पंचायत की ग्रामीण जनता उपस्थित रही ।

# रोगी के तीमारदार को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के जिलाध्यक्ष ने उपलब्ध कराया एक यूनिट ब्लड



**जौनपुर,** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पत्रकार एकता संघ ने जरूरतमंद परिवार को एक यूनिट ब्लड देकर उनकी मदद करने का छोटा सा प्रयास किया ! प्राप्त जानकारी के अनुसार बक्सा थाना क्षेत्र के ग्राम औका पोस्ट सरायहरखू जनपद जौनपुर निवासी भैया लाल शर्मा के बेटे कृष्ण कुमार शर्मा उम्र 2 वर्ष विगत 3 दिनों से बीमार चल रहे थे परिजनों ने उनको शहर के एक निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया , जांच के दौरान डॉक्टर ने बताया कि इनको तत्काल ब्लड चढ़ाने की आवश्यकता है। इसकी सूचना पाकर भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने तत्काल श्रीराम मेमोरियल हॉस्पिटल मछली शहर से सम्पर्क किया परन्तु वहां पर ए पौष्टिक ब्लड न उपलब्ध होने पर श्रीराम मेमोरियल हॉस्पिटल ब्लड बैंक इंचार्ज शैलेश शर्मा के सहयोग से जिलाध्यक्ष ने तत्काल ईशा हॉस्पिटल जनपद जौनपुर से संपर्क किया। तो वहां से एक यूनिट ब्लड लेकर उस परिवार को उपलब्ध कराया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि जरुरतमंद लोगों की यथा शक्ति मदद करना संगठन का प्रमुख लक्ष्य है। और संगठन अपने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनवरत प्रयास करती रहेगी।बीमार बच्चे के परिजनों ने भी प्रदेश उपाध्यक्ष, वाराणसी मंडल सचिव नरेंद्र शर्मा, एवं भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति का तीसरा वर्षगांठ मनाया गया



**सीखड़ / मीरजापुर,** सीखड़ मीरजापुर शनिवार को प्राथमिक विद्यालय सीखड़ सेकेंड पर उतर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित सिंह के कुशल नेतृत्व में टाईम एवं मेसन के अन्तर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति एन,ई,पी 2020 के शुभारंभ की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर विद्यालय में अखिल भारतीय शिक्षा समागम के आयोजन अन्तर्गत बच्चों से गतिविधि करवाया गया तथा भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण बच्चों को दिखाया व सुनाया गया।

उक्त अवसर पर सहायक अध्यापिका चंदा देवी, अमित कुमार, प्रगति सिंह, शिक्षा मित्र शशीकला सिंह सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३



**मौलिक अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जे पी शास्त्री जी के आदेशानुसार पार्टी का स्थापना दिवस दिनांक 5 अगस्त 2023 दिन शनिवार सुबह 11 बजे आगरा मण्डल में फिरोजाबाद अयोध्या मण्डल फैजाबाद व वाराणसी मण्डल बनारस निर्धारित है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष विश्वकर्मा आमंत्रित करते हुए उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं से अपील करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जरुर शामिल हैं। निवेदक प्रदेश इकाई उत्तर प्रदेश**



बीड निवासी सत्यनारायण जी चौहान , सौ अलका ताई चौहान इनके तुलादान कार्यक्रम, और भागवत कथा कार्यक्रम में उनका सम्मान करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक लालचंद पवार, सौ लता अशोक पवार .




**भागवत कथा बीडः** भागवताचार्य गोस्वामी जी महाराज का सम्मान करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक लालचंद पवार।।

# ऑल इंडिया महापदमनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिशन का 5 अगस्त से 17 अगस्त तक का कार्यक्रम

ऑल इंडिया महापदमनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिशन के राष्ट्रीय कार्यकरिणी के पदाधिकारी गण को दिए गए प्रभार के अंतर्गत संबंधित प्रदेश में जाकर मीटिंग करते हुए कार्यकारिणी का गठन करना, कैडर करना आदि कार्य करने थे। इसी कड़ी में अपर महासचिव श्री हरद्वारी लाल आर्य द्वारा 5 अगस्त से 17 अगस्त तक का कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के 5 जिलों का लगाया गया है। उनके सहयोग में अवध राज नंद, राष्ट्रीय महासचिव भी होगे।

# 6 फेक पुलिस वालों ने PWD के पूर्व अधिकारी को लगाया 36 लाख का चूना

## फिल्म 'स्पेशल 26' की स्टाइल को किया कॉपी

**नवी मुंबई:** नवी मुंबई से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां बॉलीवुड फिल्म 'स्पेशल 26' की स्टाइल में एक लूट को अंजाम दिया गया है. छह चोरों के एक गिरोह ने एक ढहऊके पूर्व अधिकारी को बड़ा चूना लगाया है. गिरोह सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी के ऐरोली घर में घुस गए और एक सप्ताह



पहले लगभग 36 लाख रुपये का कीमती सामान लेकर फरार हो गए. अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'स्पेशल 26' की कहानी भी कुछ ऐसी ही है झ 26 लोगों का एक गिरोह खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर डकैती करता है और एक जौहरी के घर की फर्जी तलाशी लेता है. नवी मुंबई के इस वास्तविक डकैती में ठगों के छह सदस्यीय गिरोह ने खुद को एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों के रूप में पेश किया और लोक निर्माण विभाग से रिटायर अधिकारी के घर की 'तलाशी' ली.

रिटायर अधिकारी द्वारा दर्ज कराए गए मामले के अनुसार 21 जुलाई को दोपहर में छह लोग कांतिलाल यादव के घर में घुस गए. गिरोह का नेतृत्व करने वाले एक दाढ़ी वाले व्यक्ति ने दावा किया कि वे एंटी करप्शन ब्यूरो से थे और दावा किया कि उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी और कहा कि वे घर की तलाशी के लिए आए थे. उस व्यक्ति ने यादव और उनकी पत्नी के सेलफोन जब्त कर लिए और घर की तलाशी होने तक उन्हें अपने पास बैठा लिया. इसके बाद कांतिलाल यादव की पत्नी को अलमारी की चाबियां सौंपने के लिए कहा गया था.

### यह किमती सामान लेकर हुए फरार

यादव ने दाढ़ी वाले व्यक्ति की पहचान पत्र दिखाने पर जोर दिया, लेकिन उसने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि तलाशी लेने के बाद इसे दिखाया जाएगा. जैसे ही उसने उन्हें अपने पास बैठने का आदेश दिया, उसके पांच साथियों ने तीन बेडरूम के फ्लैट में तीन अलमारियों को खंगाला और 25.25 लाख रुपये, 3.80 लाख रुपये की एक सोने की चेन, एक अंगूठी और एक कंगन जिनकी कुल कीमत 4.20 लाख रुपये थी. 40,000 रुपये की हीरे की अंगूठी, 80,000 रुपये का हीरे जड़ित सोने का मंगलसूत्र और कम से कम 10,000 रुपये की दो कलाई घड़ियां निकाल लिया. गिरोह के सदस्यों ने एक अलमारी से कीमती सामान चमड़े के बैग में भरा और फरार हो गए.

# कांजुर मार्ग में बनेगा मेट्रो कारशेड

## विधान परिषद में मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने दी जानकारी



**मुंबई :** कांजुर मार्ग स्थित मेट्रो कारशेड को लेकर भाजपा और उद्धव ठाकरे गुट शिवसेना में शुरू विवाद के बीच मेट्रो -2 के कारशेड के लिए कांजुर मार्ग में जगह देने का निर्णय लिया है. शुक्रवार को राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने विधान परिषद में यह लिखित जानकारी दी है.विखे पाटिल ने बताया की एमएमआरडीए की अनुरोध के बाद मुंबई उपनगर जिलाधिकारी ने मेट्रो -2 के लिए कांजुर मार्ग में कारशेड की जगह देने के निर्णय लिया है.राज्य की पिछली महाविकास आघाडी सरकार में मेट्रो -3 का कारशेड आरे जंगल से कांजुर मार्ग ले जाने का प्रस्ताव पारित किया था. लेकिन जमीन को लेकर राज्य और केंद्र सरकार आमने -सामने आ गए थे.बाद में शिंदे -फडणवीस सरकार बनने के बाद मेट्रो -3 का कारशेड आरे में बनाने का निर्णय लिया है.सरकार के इस निर्णय पर विधान परिषद में शिवसेना ठाकरे गुट के विधायक अनिल परब ने तीखा सवाल पूछा है की क्या यह जमीन यह जमीन राज्य सरकार की है.

# उद्धव ठाकरे को मुंबई में लगा 23 झटका!

## एटॉप हिल के पूर्व नगरसेवक ने थामा एकनाथ शिंदे का दामन



**मुंबई :** उद्धव सेना को झटके लगने का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है । शुक्रवार को एटॉपहिल से चार बार नगरसेवक रह चुके मंगेश सातमकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में पक्ष प्रवेश किया।अभी दो दिन पूर्व ही इसी इलाके की पूर्व नगरसेविका और मनपा में सदन की नेता रह चुकी तृष्णा विश्वास राव ने भी उद्धव की शिवसेना को राम राम कहते हुए एकनाथ शिंदे की शिवसेना का दामन थामा था।

बता दे कि पिछले साल जून महीने में शिवसेना में पड़ी फूट के बाद बड़ी संख्या में पूर्व नगरसेवक उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ कर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ जा रहे है।मनपा में उद्धव ठाकरे के कुल 85 नगरसेवक 2017 में चुनकर आए थे उसके बाद 6 मनसे के नगरसेवक भी उद्धव के साथ चले गए थे और निर्दलीय की संख्या को मिलाकर कुल 96 नगरसेवक उद्धव के साथ थे। पिछले एक साल में 23 पूर्व नगरसेवक उद्धव का साथ छोड़ चुके है। इस तरह उद्धव ठाकरे का रोजाना पूर्व नागरसेवको का साथ छोड़ने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है।

# भयंकर बारिश से मचा हाहाकार, 4 जिलों में रेड अलर्ट... जानें क्या हैं मौसम का हाल

**महाराष्ट्र:** जहां इस समय पूरे महाराष्ट्र में मानसून अपनी चरम पर है. वहीं राज्यों के कुछ जिलों में बीते कुछ दिनों से हो रही मुसलाधार बारिश ने अब चिंता बढ़ा दी है। इस बीच शनिवार के लिए दिल्ली,



महाराष्ट्र, हिमाचल में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं महाराष्ट्र के ठाणे, पालघर और रायगढ़ में आज यानी 29 जुलाई को तेज बारिश हो सकती है। जानकारी दें कि, IMD की तरफ से आज भी राज्य के चार प्रमुख शहरों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने रायगढ़, पुणे, रत्नागिरी और सतारा में आज रेड अलर्ट जारी किया है। तो वहीं, पालघर, ठाणे, कोल्हापुर, सिंधुदुर्ग, लातूर, नदिड़, हिंगोली, यवतमाल, चंद्रपुर, गढ़चिरौली के लिए आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इतना ही नहीं, IMD ने महाराष्ट्र के अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

### विदर्भ के कई जिलों में यलो अलर्ट

बात अगर महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र की करें तो यहां जिलों में अगले चार दिनों में भारी बारिश के साथ आंधी और बिजली गिरने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, नागपुर ने इसे लेकर एडवाइजरी जारी की है। साथ ही, कई गांवों के निवासियों को बांध से पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ की संभावना की चेतावनी भी अब दी गई है। IMD केंद्र नागपुर ने नागपुर, वर्धा, बुलढाणा, गोंदिया के लिए अगले चार दिनों और चंद्रपुर, गढ़चिरौली, अमरावती के लिए तीन दिनों के लिए और यवतमाल, बुलढाणा, अकोला और वाशिम के लिए दो दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

# फ्लाइट में महिला से छेड़खानी



**मुंबई :** सहार पुलिस ने फ्लाइट में छेड़खानी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक फ्लाइट नंबर 6ई2112 दिल्ली से मुंबई आरोपी और महिला यात्रा कर रहे थे। इसबीच आरोपी है कि महिला को आरोपी ने गलत तरीके से छुआ। इसकी शिकायत उसने कर मेंबर से की और फिर फ्लाइट जब मुंबई में पहुंची तब वह सहार पुलिस थाने पहुंच गई। जहां आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 और 354 (अ) के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया। मामले में श्रीवास्तव नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अदालत में पेशी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# जेल में आरोपी ने की आत्महत्या... पुणे से हुई थी गिरफ्तारी

**मुंबई :** बोरीवली के जेल से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। दरअसल आरोपी दीपक जाधव (28) ने शुक्रवार सुबह बोरीवली जेल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, पुणे से हिरासत में लिए गए जाधव ने बोरीवली जनरल लॉकअप में अपने अंडरवियर की इलास्टिक से फांसी लगा ली। ऐसे में अब सर्कल 11 के पुलिस उपायुक्त अजय कुमार बंसल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। जैसे ही इस घटना की सुचना मिली



तो जाधव को तुरंत शताब्दी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मामला दर्ज**

मिली जानकारी के मुताबिक, दीपक जाधव बोरीवली पश्चिम में डॉन बॉस्को स्कूल के पास रामचन्द्र भंडारी चाली में रहते थे। अदालत ने उन्हें 28 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुणे के भारती यूनिवर्सिटी पुलिस स्टेशन में दीपक जाधव के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है। क्राइम ब्रांच इस

# काँग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय पांडे द्वारा छत्री वितरण










**मुंबई,** भांडुप पश्चिम पी एन रोड, स्थित जोखीम कंपाऊंड मे काँग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व उ. प. जिल्हा वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय पांडे द्वारा 300 गरीब असहाय जरुरतमंद लोगो को पार्टी कार्यालय मे 23 जुलाई को छत्री वितरित किया गया, जिसमे भारी संख्या मे पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह वरिष्ठ कांग्रेस नेता विपिन विचारे, प्रीतम तुलसकर, प्रदीप सावंत, मनोज पांडे शशि सिंह, मिलिंद भगत, शर्मिला त्रिपाठी, एल. सी. अलमेड़ा, पुष्पा ओसवाल सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दवाई

केवल दवाई को बोतले और गोलियां ही. नहीं होती हैं... कुछ ऐसी 'दवाएं' भी होती हैं! जिनके उपयोग-: से बीमारी ही नहीं.
हो सकती... जैसे... 01) कसरत एक दवाई है 02) सुंबह सैर करना-एक दवाई है! 03) व्रत रखना एक दवाई है। 04) परिवार के संग भौजन एक दवाई है। 05) हंसी मजाक एक दवाई है! ०८) गहरी नींद एक दवाई है! 07) अपनों संग वक्त बिताना एक दवाई है! 08 ) हमेशा खुश रहना दवाई है! 09) कुछ मामलों में चुप्पी भी एक दवाई है! 10) सहयोग करना एक तो दवाई ही है। 11) एक अच्छा तो दवाई की दुकान है। इन सबका अनुसरण कीजिए, न इसमें पैसा खर्च होता हैं! न कोई साइड इफेक्ट...





देवाधिदेव महादेव की उपासना के पर्व श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार की हार्दिक शुभकामनाएं।
हर हर महादेव काशी विश्वनाथ गंगे जी की कृपा सदैव आप सभी पर निरंतर बनी रहे और आप सभी के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।।

# थोड़ा दूसरों के लिए भी जीकर देखें, कितना सुकून मिलेगा: पायल लाठ

## पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन ने सात बेटियों की पढ़ाई का जिम्मा लिया

**बिलासपुर,छत्तीसगढ़।** दूर दृष्टि, पक्का इरादा और मन में कुछ करने की ललक हो तो सफलता खुद कदम चूमती है। एक अरसे से







समाजसेवा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में अपनी अलग पहचान बना चुकी पायल लाठ ने इसे चरितार्थ कर दिखाया है। पायल का कहना है कि अपने और अपनों के लिये तो सभी जीते हैं, थोड़ा दूसरों के लिए भी जीकर देखिये, कितना सुकून मिलेगा।

पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन की अध्यक्ष पायल लाठ दीन दुखियों, पीड़ितों और जरूरतमन्दों की सेवा में सतत सक्रिय हैं। वे अब तक सात स्कूली बच्चों को गोद लेकर उनकी पढ़ाई का निर्वहन कर रही हैं ।उन्होंने बैगा जनजाति की पांच बेटियों की पढ़ाई का बीड़ा उठाया गया है। बिलासपुर के मोहंती इंग्लिश मीडियम स्कूल में पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन ने वनांचल क्षेत्र में रहने वाली राष्ट्रपति की दत्तक पांच बेटियों का भविष्य बनाने उनकी शिक्षा की जिम्मेदारी ली है।

फाउंडेशन की अध्यक्ष पायल लाठ ने बताया कि फाउंडेशन के उपाध्यक्ष चंचल सलूजा को बच्चों की शिक्षा की जानकारी प्राप्त हुई थी कि वनांचल क्षेत्रों से आई हुई बैगा जनजाति की बच्चियों को शहर में रहकर पढ़ाई करने में आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है । पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन ने इनकी पढ़ाई की जिम्मेदारी उठाई और स्कूल पहुंचकर कागजी कार्रवाई के बाद यह जिम्मेदारी ली। कुरानी बैगा, श्वेता बैगा, कृष्णा बैगा, राजकुमारी बैगा, सुनीता बैगा नामक इन पांच बच्चियों की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी अब फाउंडेशन द्वारा उठाया जाएगा। इसके अलावा पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन ने सेंट फ्रांसिस स्कूल की कक्षा 3 की छात्रा अंकिता करण और कक्षा 11वीं की अनंता सोनी की पढ़ाई की जिम्मेदारी भी उठाई।मोहंती स्कूल की बैगा बच्चियों की स्कूल यूनिफॉर्म एवं स्कूल शूज का इंतजाम भी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। अध्यक्ष पायल लाठ का कहना है इन बैगा बच्चियों को दूसरे बच्चों से अलग नहीं लगना चाहिए और वे किसी तरह की हीन भावना महसूस ना करें इसीलिए उनके लिये सारे इंतजाम किये गये हैं। इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष पायल लाठ, उपाध्यक्ष चंचल सलूजा, राजू सलूजा मौजूद रहे। पायल लाठ बैगा जनजातियों से काफी पहले से जुड़ी हुई हैं । पिछले साल बीहड़ जंगल क्षेत्र में जाकर उन्होंने बैगा परिवारों को कंपकपाती ठंड में गर्म कपड़े, स्वेटर और कंबल दिये थे । पायल ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के लिये प्रेरित करना जरूरी है। हमारा उद्देश्य बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि भविष्य में ये समाज को नई दिशा देने के काबिल बन सकें।





पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अमर उजाला संस्थान के उच्चाधिकारियों ने किया सम्मानित।

# लिंग आधारित हिंसा पर दिल्ली में कार्यशाला का आयोजन

## बिलासपुर से मात्रिका हिरवानी व आकांक्षा ठाकुर शामिल हुई



**बिलासपुर,छत्तीसगढ़।** दिल्ली में सिकिंग मॉडर्न ऐप्लीकेशन फॉर रीयल ट्रांसफार्मेशन ( स्मार्ट एनजीओ) के तत्वावधान में लिंग आधारित हिंसा पर तीन दिन की विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बिलासपुर छत्तीसगढ़ की अरपा रेडियो की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मात्रिका हिरवानी और प्रोग्राम एडिटर आकांक्षा ठाकुर ने शिरकत की । ये वर्कशॉप स्मार्ट एनजीओ द्वारा तीन साल के लिए देश के 7 राज्यों के 13 कम्यूनिटी रेडियो के साथ चलाए जाने वाले लिंग आधारित हिंसा ह्लहिंसा को नोह्व के लिए थी। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में स्मार्ट के प्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़कर इस विषय पर कार्य करने वाले विशेषज्ञ भी ट्रेनर के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। अरपा रेडियो को इस दौरान 10 -10 महीने के लिए 3 फेलो भी बिलासपुर क्षेत्र के लिए चुनने हैं जिनको मासिक फेलोशिप दी जाएगी। ज्ञातव्य है कि अरपा रेडियो द्वारा हिंसा को नो प्रोजेक्ट 4 महीनों से चलाया जा रहा था जिसमे अरपा रेडियो ने सेंदरी, गतौरी, जलसों, सेमरताल और सेमरा इन पाँच गावों के साथ मिलकर घरेलू हिंसा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया। इसका द्वितीय चरण एक नये सिरे से शुरू करने के लिए ये वर्कशॉप की गई।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com